# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी फरवरी , 2026

संजीव Telegram, App एवं वेबसाइट से नि:शुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप
Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी फरवरी, 2026
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 February, 2026

- **सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनीं–** हाल ही में दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान हादसे में मौत के तीन बाद उनकी पत्नी और राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बन गई है। 31 जनवरी, 2026 को लोक भवन में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इससे पहले एनसीपी विधायक दल की बैठक में सुनेत्रा को नेता चुना गया। उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार को आबकारी और खेल एवं युवा विभाग आवंटित किया गया। सीएम ने वित्त विभाग अपने पास रखा जो पहले दिवंगत अजित पवार के पास था।

- **31 जनवरी, 2026 को तेलंगाना के मलुगु जिले के मेदराम क्षेत्र में जम्पन्ना वायु नदी के किनारे एशिया के सबसे बड़े आदिवासी महाकुंभ सम्मक्का-सरलम्मा ( मेदराम जतारा ) का समापन हुआ। यहाँ कोई मूर्ति या मंदिर नहीं है। प्रकृति और जंगल की पूजा होती है। यहाँ चार दिन (28-31 जनवरी, 2026) तक चले आयोजन में विभिन्न राज्यों से करीब 2 करोड़ श्रद्धालु पहुँचे। यह प्रयागराज के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा धार्मिक मेला है। 12वीं सदी में शुरू यह आयोजन हर दूसरे साल होता है।**

- **भारत, चीन को पछाड़कर दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश बन गया है। वैश्विक चावल उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 28% से ज्यादा हो गई है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 में भारत में चावल का उत्पादन बढ़कर 15.2 करोड़ टन होने का अनुमान है, जबकि चीन में उत्पादन 14.6 करोड़ टन रह सकता है।**

## Newspaper of 2 February, 2026

- **वैश्विक जीडीपी ग्रोथ में भारत का योगदान बढ़ा–** आइएमएफ के जनवरी 2026 के अनुमानों के आधार पर वैश्विक आर्थिक वृद्धि में योगदान देने वाले देशों की सूची में भारत को अमेरीका से आगे रखा है। इसके पीछे की बड़ी वजहों में अमेरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा चीन और भारत जैसे देशों पर लाए गए कड़े टैरिफ भी शामिल है। आइएमएफ का यह चार्ट वैश्विक अर्थव्यवस्था का केन्द्र पश्चिम से पूर्व (अमेरीका-यूरोप से एशिया) की ओर खिसकने की ओर इशारा करता है।

| रैंक | देश | वैश्विक वृद्धि में योगदान |
|---|---|---|
| 1 | चीन | 26.6% |
| 2 | भारत | 17.0% |
| 3 | अमेरीका | 9.9% |
| 4 | इंडोनेशिया | 3.8% |
| 5 | तुर्किये | 2.2% |
| 6 | सऊदी अरब | 1.7% |
| 7 | वियतनाम | 1.6% |
| 8 | नाइजीरिया | 1.5% |
| 9 | ब्राजील | 1.5% |
| 10 | जर्मनी | 0.9% |

आइएमएफ के इस चार्ट में 2026 में ग्लोबल रियल जीडीपी ग्रोथ में योगदान देने वाले शीर्ष 10 देशों को दर्शाया गया है। चीन को पहले, भारत को दूसरे व अमेरीका को तीसरे स्थान पर रखा गया है।

आइएमएफ के मुताबिक चीन और भारत मिलकर इस वर्ष वैश्विक आर्थिक वृद्धि में 43.6 प्रतिशत का योगदान देंगे, जिसमें अकेले भारत का हिस्सा 17% रहेगा। चीन का योगदान 26.6% रहेगा। इसके मुकाबले अमरीका का योगदान सिर्फ 9.9% रहने का अनुमान है, जो अक्टूबर 2025 के अनुमान से थोड़ा अधिक है। आइएमएफ ने भारत के संदर्भ में, 2025 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान 0.7% अंक बढ़ाकर 7.3% किया है।

- **कार्लोस अल्कारेज पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन बने; फाइनल में सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 2-6, 6-2, 7-5 से हराया–** 31 जनवरी, 2026 को दुनिया के नंबर-1 स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीत लिया। फाइनल में अल्कारेज ने चौथी वरीय सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को 2-6, 6-2, 6-3, 7-5 से

शिकस्त दी। चैंपियन बनने के साथ ही अल्कारेज ने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए।

अल्कारेज ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने अपने हमवतन पूर्व दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल का रिकॉर्ड तोड़ा। अल्कारेज 22 साल 272 दिन की उम्र में चैंपियन बने जबकि नडाल ने 24 साल 101 दिन की उम्र में खिताब जीता था।

**सबसे कम उम्र में सात ग्रैंड स्लेम–**

अल्कारेज ने इस जीत के साथ करियर ग्रैंड स्लेम भी पूरा कर लिया। अब उनके नाम सभी चारों ग्रैंड स्लेम हो गए हैं। 22 वर्षीय अल्कारेज सबसे कम उम्र में सात ग्रैंड स्लेम जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 01 ऑस्ट्रेलियन ओपन, 02 फ्रेंच ओपन, 02 विबंलडन और 02 यूएस ओपन जीते हैं। अल्कारेज 2022 में नडाल के बाद मेलबर्न में चैंपियन बनने वाले पहले स्पेनिश खिलाड़ी भी बने।

■ **भारत में इसी साल (2026 में) पहली 'ग्लोबल बिग कैट समिट' आयोजित होगी। दो साल पहले वर्ष 2024 में भारत ने इंटरनेशनल बिग कैट गठबंधन स्थापित किया गया था। इसके तहत बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर,ब्यूमा जैसे जानवरों के संरक्षण पर ध्यान दिया जाता है। इसमें दुनिया के 95 देशों के प्रमुख इन जानवरों के संरक्षण की सामूहिक रणनीति पर चर्चा करेंगे।**

## Newspaper of 3 February, 2026

■ **नोबेल शांति पुरस्कार विजेता तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने 90 की उम्र में पहला ग्रैमी अवॉर्ड जीता–**

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने 90 साल की उम्र में अपना पहला ग्रैमी म्यूजिक अवॉर्ड जीत लिया है। लॉस एंजिल्स में हुए 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में स्पोकन-वर्ड एल्बम 'मेडिटेशन्स: द दलाई लामा' के लिए उन्हें बेस्ट ऑडियो बुक, नरेशन व स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग श्रेणी का अवॉर्ड दिया गया। अवॉर्ड उनकी तरफ से म्यूजिशियन रूफस वेनराइट ने लिया। वहीं, केंड्रिक लैमर ने रैंप एल्बम और रैंप सॉन्ग सहित रैंप की कुल पाँच श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर रेप की श्रेणी में सबसे ज्यादा बार ग्रैमी पाने वाले रैंपर का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। लेटिन सुपरस्टार बैंड बानी को सर्वश्रेष्ठ एल्बम का पुरस्कार मिला। बैड बनी ने कुल तीन पुरस्कार जीते।

**ग्रैमी 2026 के 'बिग फॉर'**

- **रिकॉर्ड ऑफ द ईयर**–लूथर/कैंड्रिक लैमर व एसजेडए
- **एल्बम ऑफ द ईयर :** देबी तिरार मास फोटोस/बैड बनी
- **सॉन्ग ऑफ द ईयर :** वाइल्डफ्लॉवर/बिली आयलिश और फिनियस
- **बेस्ट न्यू आर्टिस्ट :** ब्रिटिश सिंगर ओलिविया डीन

**हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत से जुड़ा एल्बम–**'मेडिटेशन्स : द रिफ्लशन्स ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' एल्बम में दलाई लामा के करुणा, शांति और इंसानियत से जुड़े विचारों को संगीत के तत्त्वों के साथ मिलाकर पेश किया गया है।

■ **भारतवंशी रामानाथन को 2026 का क्राफोर्ड सम्मान दिया जाएगा; रेफ्रिजरेटर फैक्ट्री से शुरुआत, मिला भू-विज्ञान का 'नोबेल'–**

भारतीय मूल के प्रख्यात जलवायु वैज्ञानिक वीरभद्रन रामनाथन (82) को रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा 2026 का क्राफोर्ड पुरस्कार दिया जाएगा। इसे भू-विज्ञान का 'नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है। रामनाथन को सुपर-पॉल्यूटेंट्स और एटमॉस्फेरिक ब्राउन क्लाउड्स पर किए गए उनके क्रांतिकारी शोध के लिए चुना गया है, जिसमें दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग की समझ को नई दिशा दी....

**मदुरै में जन्मे, पर्यावरण को बचाने पर काम–**मदुरै में जन्मे और चेन्नई में पले-बढ़े रामनाथन ने करियर की शुरुआत सिकंदराबाद की एक रेफ्रिजरेटर फैक्ट्री में इंजीनियर के रूप में की थी। यहाँ उन्होंने पहली बार क्लोरोफ्लोरोकार्बन पर काम किया। उन्होंने अन्नामलाई विश्वविद्यालय और भारतीय विज्ञान संस्थान से पढ़ाई की। उन्होंने शोध से दक्षिण एशिया के ऊपर मौजूद एटमॉस्फेरिक ब्राउन क्लाउड्स की पहचान की। इसमें पता चला कि क्षेत्रीय वायु प्रदूषण, भारतीय मानसून के कमजोर पड़ने और हिमालयी ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने के बीच गहरा संबंध है।

रामनाथन ने 1975 में नासा में काम करने के दौरान पाया कि एरोसोल-रेफ्रिजरेशन में इस्तेमाल होने वाले क्लोरोफ्लोरोकार्बन, सीओ2 की तुलना में 10000 गुना अधिक गर्मी रोकते हैं। यह खोज आगे चलकर ओजोन परत को नुकसान पहुँचाने वाले रसायनों पर प्रतिबंध का आधार बनी।

## Newspaper of 4 February, 2026

■ **डीआरडीओ द्वारा एसएफडीआर तकनीक का सफल परीक्षण; हवा से ही ऑक्सीजन लेकर गरजेंगी मिसाइलें–**

3 फरवरी, 2026 को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा के चांदीपुर से अत्याधुनिक बियॉन्ड विजुअल रेंज मिसाइल का सफल परीक्षण किया। हवा से हवा में मार करने वाली यह मिसाइल सॉलिड फ्यूल डक्टेड

रैमजैट (SFDR) तकनीक से लैस है, जो इस आवाज से चार गुना तेज सुपरसोनिक गति प्रदान करती है। मिसाइल की रेंज 250 से 300 किलोमीटर तक बताई जा रही है। इस उपलब्धि से भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया, जिनके पास यह आधुनिक तकनीक है। यह तकनीक खासतौर पर लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों को बनाने में मददगार है। परीक्षण के दौरान नोजल बूस्टर, सॉलिड फ्यूल डक्टेड रामजेट मोट और फ्यूल फ्लो कंट्रोलर जैसी उप-प्रणालियों ने अपेक्षा अनुरूप प्रदर्शन किया। इससे पहले भारत अनपे युद्धक विमानों के लिए अस्त्र नाम की बियॉन्ड विजुवल रेंज मिसाइल के दूसरे संस्करण का सफल परीक्षण कर चुका है। यह मिसाइल अस्त्र-2 से ज्यादा शक्तिशाली मानी जा रही है। चीन की बीवीआर मिसाइल पीएल-15 जिसके उन्नत संस्करण की रेंज 250 किलोमीटर तक है। उससे यह रैमजेट तकनीक से लैस मिसाइल ज्यादा ताकतवर बताई जा रही है।

### SFDR की खासियत

- SFDR तकनीक पारंपरिक प्रणालियों की तुलना में उड़ान को बेहतर थ्रस्ट प्रदान करती है।
- ऑक्सीजन का भार नहीं ढोना पड़ता, इसलिए ज्यादा दूरी तक जा सकती हैं।
- तेज गति और लंबी रेंज के कारण दुश्मन के मिसाइल डिफेंस सिस्टम को इसे ट्रैक करने और गिराने का समय नहीं मिलता।
- पारंपरिक तकनीक वाली मिसाइलों की बजाय अंत तक गति बरकरार रहती है।

**क्या है SFDR**–आमतौर पर मिसाइलें अपने साथ ईंधन और उसे जलाने के लिए ऑक्सीजन दोनों लेकर चलती है, लेकिन एसएफडीआर तकनीक में मिसाइल हवा से ही ऑक्सीजन खींचती हैं।

- **भारत में पहली बार कोच्चि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाली पैसेंजर बसें चलेंगी। केरल हाइड्रोजन वैली इनोवेशन क्लस्टर और कोच्चि एयरपोर्ट के बीच इसे लेकर हाल ही में समझौता हुआ है। अगले 12 महिनों में तीन हाइड्रोजन फ्यूल सेल बसें मिलेंगी। प्रोजेक्ट की लागत करीब ₹8.7 करोड़ हैं।**

## Newspaper of 5 February, 2026

- **4 फरवरी, 2026 को मणिपुर में एक साल से जारी राष्ट्रपति शासन हट गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के युमनाम खेमचंद सिंह ने मणिपुर के 13वें सीएम के रूप में शपथ ली। नगा समुदाय से एनपीएफ विधायक लोसई दीखो ने डिप्टी सीएम पद संभाला, जबकि कूकी समुदाय से भाजपा नेता नेमचा किपगेन राज्य की पहली महिला डिप्टी सीएम बनीं; उन्होंने दिल्ली से विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये शपथ ली।**

## Newspaper of 6 February, 2026

- **फरवरी, 2026 में देश का बिना बैरियर वाला टाले बूथ गुजरात के सूरत में शुरू किया गया है। NH48 पर चौरासी टोल नाका पर बने इस मानव-रहित बूथ से वाहन बिना रुके निकल सकेंगे और फास्टैग के जरिए टोल शुल्क कट जाएगा। NHAI के मुताबिक 15 करोड़ की लागत से विशेष स्टील गैन्ट्री पर जीपीएस से लैस 36 हाई-रेजोल्यूशन कैमरे लगाए गए हैं।।**
- **भारत की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा 'भारत टैक्सी' लॉन्च की गई–**

5 फरवरी, 2026 को केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारत की पहली सहकारिता आधारित टैक्सी सेवा 'भारत टैक्सी' की औपचारिक शुरुआत की। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विज्ञान भवन तक 100 कारों की रैली से प्रतीकात्मक शुभारंभ हुआ। यह सर्विस फिलहाल दिल्ली में शुरू हुई है, आने वाले तीन साल में देश के हर शहर तक विस्तार करने की तैयारी है। इस सर्विस से ओला-उबर जैसी निजी कंपनियों के एकाधिकार को चुनौती मिलेगी। कमीशन नहीं होने के कारण यह सेवा सस्ती होगी। टैक्सी चालकों की सहकारी समिति की ओर से ही संचालित भारत टैक्सी में पूरा किराया और लाभ टैक्सी चालक का होगा। ऐप में चयन करने पर महिला सारथी (महीला चालक) ही टैक्सी लेकर आएंगी।

### भारत टैक्सी सुविधा एक नजर में–

- कमीशन शून्य होने से 30% सस्ती, पीक ऑवर में किराया बढ़ोतरी नहीं।
- हिडन चार्ज, टोल, पार्किंग व अन्य अतिरिक्त शुल्क से मुक्ति।
- रियल-टाइम ट्रैकिंग, कई भाषाओं में सपोर्ट उपलब्ध।
- एसी, नॉन-एसी, प्रीमियम, ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सी
- ऐप में चयन किए जाने पर आएंगी महिला चालक
- सभी चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन अनिवार्य
- ऐप में इमरजेंसी एसओएस बटन, लाइव लोकेशन शेयरिंग जैसी सुविधाएँ।

- **छात्रों के लिए दिल्ली दुनिया का सबसे किफायती शहर बना, मुंबई 11वें स्थान पर रहा–**

यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज 2026 रैंकिंग के अनुसार दिल्ली को विश्व का सबसे किफायती छात्र शहर घोषित किया गया

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

है। सूची में मुंबई 11वें और बेंगलुरु 15वें स्थान पर हैं। ट्यूशन फीस, रहने का खर्च और क्रय शक्ति के मामले में भारतीय शहर, ब्रिटेन, अमरीका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया जैसे पारंपरिक गंतव्यों की तुलना में कहीं अधिक अनुकूल हैं, जो अंतरराष्ट्रीय छात्रों और उनके परिवारों के निर्णयों को प्रभावित करने वाला महत्त्वपूर्ण कारक बन गया है। यह मूल्यांकन 150 शहरों का किया गया।

## Newspaper of 7 February, 2026

### ■ भारत की अंडर-19 टीम वर्ल्ड चैंपियन–

6 फरवरी, 2026 को भारत की अंडर-19 टीम ने रिकॉर्ड छठी बार आइसीसी अंडर-19 वनडे विश्वकप खिताब जीता। भारतीय टीम ने ने 411 रन बनाए, जो विश्वकप फाइनल में सबसे बड़ा स्कोर है। इंग्लैंड की टीम 311 रन ही बना सकी।

**वैभव की 175 रन की रिकॉर्ड तोड़ पारी–**भारतीय टीम के लिए जीत की पटकथा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने लिखी, जिन्होंने सिर्फ 80 गेंदों में 175 रन की विस्फोटक पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच बने वैभव ने 15 चौके और 15 छक्के लगाए। वे विश्वकप में सबसे बड़ी पारी खेलने वाली भारतीय बल्लेबाज बने।

### ■ डिजिटल लेन-देन में ठगी पर मिल सकेगा 25000 रुपए तक हर्जाना–

6 फरवरी, 2026 को डिजिटल लेन-देन में धोखाखड़ी व ठगी की बढ़ती योजनाओं के चलते रिजर्व बैंक (आरबीआई) बड़ी राहत का ऐलान किया है। आरबीआई ने कहा है कि डिजिटल भुगतान (UPI आदि) में 50000 रुपए तक की ठगी के शिकार लोगों को 25000 रुपए तक का मुआवजा दिया जाएगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (MPC) की बैठक के बाद आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि इसके लिए जल्द फ्रेमवर्क जारी किया जाएगा।

**रेपो रेट 5.25 पर यथावत, महँगाई नियंत्रण में–**एमपीसी ने रेपो रेट 5.25% यथावत रखते हुए अन्य दरों में बदलाव नहीं किया है। समिति ने चालू वित्तीय वर्ष में खुदरा महँगाई 2.1 फीसदी पर रहने व जीडीपी वृद्धि दर 7.3 फीसदी रहने का अनुमान व्यक्त किया है।

**यह बताई योजना–**

- 50000 रुपए तक की धोखाधड़ी के मामलों में ही राहत।
- फ्रॉड की 85% राशि (अधिकतम 25000 रुपए) वापस मिलेंगे।
- ग्राहक से प्रश्न नहीं पूछा जाएगा। ओटीपी बताने पर भी लाभ।
- नुकसान का आरबीआइ 70% बैंक 15% तथा ग्राहक 15% भुगतेगा।
- जीवन में एक बार ही लाभ।
- ठगी रोकने के लिए विलंबित भुगतान, बुजुर्गों तथा अन्य वर्गों के लिए अतिरिक्त सत्यापन व्यवस्था।

### ■ डिजिटल प्रदूषण; सोशल मीडिया से बच्चों को बचाएगी–

देश में बच्चों और किशोरों (16 वर्ष से कम आयु) के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर नियंत्रण की तैयारी है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने संकेत दिए है कि सोशल मीडिया के उपयोग आयु-सीमा और नियमन के मुद्दे पर गंभीरता से विचार हो रहा है। केन्द्रीय सूचना प्रौद्योगिकी (IT) सचिव एस.कृष्णन ने कहा है कि सोशल मीडिया के लिए न्यूनतम आयु सीमा तय करने का मुद्दा सरकार की समीक्षा के दायरे में है। बच्चों और किशोरों पर सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव को देखते हुए सरकार विभिन्न हितधारकों से परामर्श कर रही है और उचित समय पर इस बारे में निर्णय किया जाएगा।

**आर्थिक सर्वे में यह चिंता–**

- अत्यधिक स्क्रीन टाइम से उत्पादकता पर असर पड़ रहा।
- किशोरों में एंग्जायटी और डिप्रेशन के मामलों में वृद्धि।
- एल्गोरिदम वाला कंटेंट बच्चों को लत में फंसा सकता है।

**सिफारिश–**आयु-आधारित सीमा लागू हो। प्लेटफॉर्म पर उम्र सत्यापन, डिफॉल्ट सेटिंग्स, कंटेट फिल्टर अनिवार्य हो।

**ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फ्रांस कर चुके बैन, स्पेन में तैयारी–** ऑस्ट्रेलिया ने सबसे पहले 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर सोशल मीडिया उपयोग पर बैन लगाया था और 6.50 लाख अकाउंट निष्क्रिय किए। ब्रिटेन में ऑनलाइन सेफ्टी कानून लाया गया है, फ्रांस में 15 वर्ष से कम के बच्चों के लिए पैरेंट्स की सहमति अनिवार्य की गई है। स्पेन में भी बैन की तैयारी है।

### ■ अग्नि-3 मिसाइल का परीक्षण सफल; 320 किमी तक मारक क्षमता; गिरा सकती हैं परमाणु बम–

6 फरवरी, 2026 को भारत ने चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज से मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-3 का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ और सहयोगी संगठनों की ओर से किए गए इस परीक्षण के बारे में रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सामरिक बल कमान (SFC) की निगरानी में हुए इस परीक्षण में सभी परिचालन और तकनीकी मापदंडों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया गया। खास बात यह है कि परमाणु बम गिराने में सक्षम मध्यम दूरी की इस मिसाइल की जद में पूरा पाकिस्तान और चीन के कई ठिकाने आ सकते हैं। मिसाइल के सफल परीक्षण से देश की सामरिक ताकत व प्रतिरोधी क्षमता में इजाफा होगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**यह है खासियत–**

- पूरी तरह स्वदेशी है अग्नि-3, रेंज 3000-3500 किलोमीटर तक
- परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम
- दो चरण वाले ठोस ईंधन से संचालित, लंबाई 16.7 मीटर वजन 48300 किलो।
- रेल-रोड मोबाइल प्लेटफॉर्म से लॉन्च संभव, 5-6 किमी प्रति सेकंड की स्पीड
- उन्नत नेविगेशन गाइडेंस सिस्टम
- मिसाइल अग्नि-3 उड़ान के बीच बदल सकती है टारगेट।

**Newspaper of 8 February, 2026**

■ **हाल ही में भारतीय वायुसेना ने कारगिल से श्रीनगर तक जरूरतमंद यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए ऑपरेशन सद्भावना चलाया। 7 फरवरी, 2026 को यात्रियों को सुरक्षित तरीके से श्रीनगर हवाई अड्डे तक पहुँचाया गया।**

■ **नई पासपोर्ट पॉलिसी-2026; अब पासपोर्ट बनाना और आसान, पुलिस सत्यापन ऑनलाइन होगा–**

भारत सरकार ने नई पॉलिसी-2026 के तहत पासपोर्ट नियमों में बड़े बदलाव की घोषणा की है, जो 15 फरवरी, 2026 से पूरी तरह लागू हो जाएंगे। नई पॉलिसी का मुख्य उद्देश्य पासपोर्ट बनवाने व नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल, तेज, पूरी तरह डिजिटल और सुरक्षित बनाना है। साथ ही धोखाधड़ी रोकना और अनावश्यक देरी कम करना है। नई पॉलिसी में सबसे बड़ा बदलाव पुलिस वेरिफिकेशन का है। पहले यह प्रक्रिया सबसे लंबी और परेशानी भरी होती थी, लेकिन अब ज्यादातर मामलों में डिजिटल चैनलों और समन्वित सिस्टम से किया जाएगा। कई मामलों में वेरिफिकेशन कुछ-दिनों में पूरा हो जाएगा। कुछ स्थितियों में पासपोर्ट पहले जारी किया जा सकता है और वेरिफिकेशन बाद में (पोस्ट-इश्यू वेरिफिकेशन) होगा, जिसमें समय काफी बचता है।

**आवेदन के साथ दस्तावेज की सूची सरल–**पासपोर्ट आवेदन के लिए आधार कार्ड और अन्य सरकारी आईडी को प्राथमिकता मिलेगी, कम दस्तावेज जमा करने पड़ेंगे। नाम, जन्मतिथि, पता आदि में छोटी-छोटी विसंगतियाँ की भी अब सख्ती से जाँच होगी, गलत दस्तावेज पर आवेदन खारिज हो सकता है।

**ऑनलाइन सुविधाएँ बढ़ाई–**बिना एजेंट के फॉर्म भरना, दस्तावेज अपलोड, अपॉइंटमेंट बुकिंग और रीयल-टाइम स्टेटस ट्रैकिंग आसान होगी। नाबालिगों के लिए माता-पिता की सहमति डिजिटल होगी, जन्म प्रमाण पत्र या स्कूल आईडी स्वीकार होंगे। ग्रामीण और छोटे शहरों में पासपोर्ट सेवा केन्द्र बढ़ाए जाएंगे।

■ **कूनो नेशनल पार्क में नामीबियाई चीता आशा ने पाँच शावक जन्में; अब कूनो पार्क में 32 चीते व देश में 35 हुए–**

7 फरवरी, 2026 को कूनो नेशनल पार्क की चीता आशा ने पांच शावकों को जन्म दिया। इसी के साथ कूनो में कुल 32 चीते हो गए है। इनमें से 24 भारतीय है। मंदसौर के गांधीसागर अभयारण्य के तीन चीतों को मिलाकर अब देश में चीता प्रोजेक्ट के तहत 35 चीते हो गए है। कूनो में चीतों के 8वें प्रजनन पर मुख्यमंत्री मोहन यादव और केन्द्रीय वनमंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक्स पर पोस्ट कर खुशी जताई है। आशा को 20 दिन पहले ही बाड़े में शिफ्ट किया था। शनिवार सुबह जब मॉनिटरिंग टीम निगरानी के लिए बाड़े में पहुँची जो प्रजनन की जानकारी मिली। आशा और उसके पाँच शावक स्वस्थ है। आशा दूसरी बार माँ बनी है।

■ **आयकर विभाग ने नए आईटी नियम 2026 का मसौदा जारी किया; मौजूदा आयकर नियम, 1962 के 511 नियम और 399 फॉर्म को घटाकर 333 नियम और 190 फॉर्म किया–**

7 फरवरी, 2026 को आयकर विभाग ने नए आइटी नियम, 2026 का मसौदा जारी कर दिया है। नए नियम 1 अप्रैल से लागू होंगे। नए नियमों का मकसद टैक्स फाइलिंग को सरल बनाना और अनुपालन को आसान करना है। अलग-अलग फॉर्म्स में सामान्य जानकारियाँ एक जैसी रखी गई है। प्री-फिल्ड डेटा और ऑटोमेटिक रिकंसिलिएशन जैसी सुविधाएँ जोड़ी गई है। गलतियों की संभावना कम होगी और फाइलिंग प्रक्रिया ज्यादा आसान बनेगी। इन फॉर्म्स की भाषा भी अधिक स्पष्ट और यूजर-फ्रेंडली बनाई गई है, ताकि भ्रम कम हो। मौजूदा आयकर नियम, 1962 में कुल 511 नियम और 399 फॉर्म है। नए मसौदे में इन्हें घटाकर 333 नियम और 190 फॉर्म कर दिया गया है।

■ **फोर्ब्स सूची 2026 में वित्त मंत्री निर्मला दुनिया की 24वीं शक्तिशाली महिला बनीं–**

फॉर्ब्स सूची 2026 के अनुसार दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं में भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 24वें स्थान पर है। वहीं, इस वैश्विक सूची में पहले स्थान पर यूरोप की उर्सुला वॉन डेर लेयन काबिज है। भारतीय वित्त मंत्री लगातार अपनी आर्थिक नीतियों से दुनिया को प्रभावित कर रही हैं। भारत की रोशनी नाडर मल्होत्रा ने 76वें और बायोकॉन की फाउंडर किरण मजूमदार-शॉ ने 83वें

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

स्थान पर कब्जा जमाते हुए टॉप 100 में जगह बनाई है। यह सूची वैश्विक अर्थव्यवस्था, राजनीति और तकनीकी में महिलाओं के बढ़ते दखल को दर्शाती है। जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची तीसरे स्थान पर रही हैं।

**रैंकिंग के चार पैमाने**–फोर्ब्स ने 22वीं वार्षिक रैंकिंग को चार प्रमुख कारकों–धन, मीडिया में उपस्थिति, प्रभाव और असर के दायरे के आधार पर तैयार किया है। राजनीतिक नेताओं का मूल्यांकन उनके देश की अर्थव्यवस्था और जनसंख्या के आकार के आधार पर किया गया। कॉर्पोरेट जगत के नेताओं का आकलन कंपनी के राजस्व, मूल्यांकन के आधार पर किया गया। अंतिम सूची में 100 महिलाएँ हैं। ये सभी दुनिया की लगभग 37 ट्रिलियन डॉलर की आर्थिक शक्ति संभालती हैं।

**सबसे ताकतवर महिलाएँ**

| रैंक नाम | पद | देश |
|---|---|---|
| 1 उर्सुला वॉन डेर लेयन | अध्यक्ष, यूरोपीय आयोग | बेल्जियम |
| 2 क्रिस्टीना लेगार्ड | अध्यक्ष, यूसीबी | जर्मनी |
| 3 सानाए ताकाइची | प्रधानमंत्री | जापान |
| 4 जॉर्जिया मेलोनी | प्रधानमंत्री | इटली |
| 5 क्लॉडिया शीनबाम | राष्ट्रपति | मैक्सिको |
| **24 निर्मला सीतारमण** | **वित्त मंत्री** | **भारत** |

- **आइवीएफ तकनीक से गुजरात में पहली बार शुद्ध गिर नस्ल की बछिया का जन्म हुआ–**

गुजरात पशुधन विकास बोर्ड की अमरेली स्थित एम्ब्रियो ट्रांसफर प्रयोगशाला में आइवीएफ तकनीक के माध्यम से राज्य में पहली बार शुद्ध गिर नस्ल की बछिया का जन्म हुआ है। यानी अब इस तकनीक से कम दूध देने वाली गाय से भी शुद्ध गिर नस्ल की बछिया का जन्म करवाया जा सकेगा। पिछले वर्ष 13 रेसिपिएंट (सरोगेट) पशुओं में भ्रूण प्रत्यारोपण की प्रक्रिया शुरू की गई थी। हाल ही में कांकरेज नस्ल की एक गाय ने बछिया को जन्म दिया है।

इस प्रक्रिया में उच्च आनुवंशिक क्षमता वाली गिर गाय से प्राप्त भ्रूण का उपयोग किया गया। जन्मी बछिया में डोनर पशु के समान उत्कृष्ट गुण पाए गए हैं। लैब में उपलब्ध 30 अन्य रेसिपिएंट पशुओं में भी जल्द ही भ्रूण प्रत्यारोपण किया जाएगा। इससे उच्च गुणवता वाली गिर गायों की संख्या तेजी से बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि एक गाय पूरे जीवनकाल में केवल 7 से 8 बछड़े-बछड़ियों को जन्म देती है। नई तकनीक से यही संख्या बढ़ाकर लगभग 100 तक पहुँचाई जा सकती है। आइवीएफ प्रक्रिया में श्रेष्ठ नस्ल की गाय के अंडाणु लिए जाते हैं। लैब में निषेचन कर तैयार भ्रूण को सामान्य उत्पादकता वाली गाय में प्रत्यारोपित किया जाता है।

## Newspaper of 9 February, 2026

- **8 फरवरी, 2026 को म्यांमार के यांगून शहर में हिंदू समुदाय के पारंपरिक फायर फेस्टिवल थीमिथी की शुरुआत हुई। इस उत्सव के म्यांमार में रहने वाले हिंदू बेहत धूमधाम से मनाते है। तमिल और बंगाली समुदाय के लोग इस त्योहार को मनाते हैं।**

- **चिनाब नदी पर ₹5129 करोड़ से सावलकोट हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट बनेगा–**

वर्ष 2025 में पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु नदी समझौते को निलंबित कर दिया था। अब भारत सरकार के लिए चिनाब नदी पर सावलकोट हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए ₹5129 का टेंडर नेशनल हाइड्रो पावर कॉरपोरेशन (NHPC) ने जारी कर दिया है। 1856 मेगावाट क्षमता वाला यह प्रोजेक्ट दो चरणों में पूरा होगा। जिससे जम्मू कश्मीर के साथ ही देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी।

- **केरल में पहली दृष्टिबाधित महिला जज बनेंगी थान्या, अंधेरे को चीरकर पाई न्याय की कुर्सी; ब्रेल लिपि से पढ़ाई करते हुए बनी एलएलबी टॉपर, वकालात भी की–**

कन्नूर की 24 वर्षीय वकील थान्या नाथन ने हाल ही में केरल न्यायिक सेवा द्वारा आयोजित 'सिविल जज (जूनियर डिवीजन)' की परीक्षा में विकलांगता श्रेणी की मेरिट लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है। पूरी तरह दृष्टिबाधित एलएलबी टॉपर थान्या ने कन्नूर विश्वविद्यालय से अपनी डिग्री हासिल की। जज की परीक्षा पास करने से पहले वे कन्नूर के तालिपारंबा में वरिष्ठ वकील के.जी. सुनील कुमार के साथ प्रैक्टिस कर रही थीं। थान्या ने ब्रेल लिपि में कानूनी किताबों का अध्ययन किया और अब वे स्क्रीन-रीडिंग सॉफ्टवेयर की मदद से कानूनी दस्तावेज पढ़ती हैं।

**सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने दिखाई राह**–थान्या के जज बनने की राह 2025 में सुप्रीम कोर्ट के एक ऐतिहासिक फैसले ने साफ की। जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने स्पष्ट किया कि दृष्टिबाधित उम्मीदवारों को न्यायिक सेवा के लिए 'अनुपयुक्त' नहीं माना जा सकता। राज्य का कर्त्तव्य है कि वह एक समावेशी ढांचा और उचित सुविधाएँ तैयार करे। अब थान्या की जज के तौर पर नियुक्ति केरल न्यायपालिका के लिए बुनियादी ढांचे में बदलाव का एक अवसर भी है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 10 February, 2026

- **इसरो एसएसी–चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से प्राप्त तस्वीरों के विश्लेषण का परिणाम; चंद्रयान-4 के लिए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय प्रदेश में लैंडिंग स्थल का चयन–**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में एक संभावित लैंडिंग स्थल की पहचान की है। यह लगभग एक वर्ग किलोमीटर का सपाट क्षेत्र है, जिसे सुरक्षित विकल्प माना गया है। अहमदाबाद स्थित इसरो अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र (SC) के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-2 ऑर्बिटर के हाई-रिजोल्यूशन कैमरे से प्राप्त तस्वीरों का विश्लेषण कर मॉन्स माउटन क्षेत्र में यह स्थल चुना।

**स्थल चयन–**पहले 84-90ए दक्षिणी अक्षांश के बीच कई क्षेत्रों का अध्ययन किया गया। उच्च रिजोल्यूशन (32 सेंटीमीटर) स्टीरियो इमेजरी से चार स्थलों (एमएम-1 से एमएम-4) का विश्लेषण किया गया।

इनमें एमएम-4 सबसे उपयुक्त पाया गया, जहाँ औसत ढलान 5 डिग्री है, खतरे का स्तर केवल 9.89% और सूर्य प्रकाश की उपलब्धता अनुकूल हैं।

**मिशन की जटिलता–**चंद्रयान-4 इसरों का सबसे कठिन चंद्र मिशन होगा। इसमें प्रोपल्शन मॉड्यूल, डिसेंडर, एसेंडर, ट्रांसफर और री-एंट्री मॉड्यूल, डिसेंडर और एसेंडर मॉड्यूल चंद्रमा पर सॉफ्ट-लैंडिंग कर नमूने एकत्र करेंगे और उन्हें कक्षा में भेजेंगे। वहाँ से री-एंट्री मॉड्यूल नमूने पृथ्वी तक लाएगा।

- **हाल ही में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने तीर्थ यात्रियों के लिए बीमा कवर 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए प्रति व्यक्ति करने को मंजूरी दी है। यह फैसला जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक में लिया गया। इसके साथ ही तीर्थयात्रियों के बीच मुफ्त बांटने के लिए ड्राईफ्रूट्स, पवित्र पिंडियो को दर्शाने वाला एक उकेरा हुआ सिक्का और एक पवित्र मौली वाला एक बेहतर पाउच प्रसाद भी लॉन्च किया।**

## Newspaper of 11 February, 2026

- **10 फरवरी, 2026 को AI को आम आदमी तक पहुँचाने और इसके बारे में समझ विकसित करने के उद्देश्य से दिल्ली स्थित इंडिया गेट से इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कौशल रथ को रवाना किया। इस वाहन में बैठकर सीखने की व्यवस्था है, जिसमें एक्सपर्ट इससे जुड़ी जानकारी देंगे। भारत में 16 फरवरी से 20 फरवरी, 2026 तक AI इम्पैक्ट सम्मेलन आयोजित हो रहा है, जिसमें 30 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।**

- **संस्था ने भ्रष्टाचार धारणा इंडेक्स 2025 जारी किया; भारत की रैंक 91 रही–**

ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल संस्थान ने भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2025 जारी किया। इसमें 180 से अधिक देशों को भ्रष्टाचार के स्तर के आधार पर रैंक दिया गया है। सबसे कम भ्रष्टाचार वाले देशों में लगातार आठवें साल डेनमार्क इस सूचकांक में पहले नंबर पर है। दूसरे पर फिनलैंड, तीसरे पर सिंगापुर है। भारत की रैंकिंग में पिछले साल के मुकाबले सुधार हुआ है और उसे 91वें रैंक मिली है। भूटान इस इंडेक्स में 18वें स्थान पर है। नेपाल 109वें स्थान पर है। वहीं पाकिस्तान की रैंक 136 है। इस इंडेक्स में अमरीका की 29 और चीन की 76 रैंक है।

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के इस इंडेक्स में रैंकिंग के साथ ही स्कोर भी दिया गया है। भारत का स्कोर 39 है, जो 2024 में 38 था। यह स्कोर 100 अंकों में दिया जाता है। जितना ज्यादा स्कोर उस देश में भ्रष्टाचार उतना ही कम जाना जाता है। इंडेक्स में पहली रैंक वाले डेनमार्क का स्कोर 89 है। वहीं साउथ सूडान सबसे भ्रष्ट देश है।

## Newspaper of 12 February, 2026

- **गृह मंत्रालय ने जारी किया राष्ट्रगीत का प्रोटोकॉल; अब जन-गण-मन से पहले देश गाएगा वंदेमातरम्–3.10 मिनट में पूरा करना होगा**

**सभी छह छंद गाना अनिवार्य**

सुजलाम् सुफलाम् मलयजशीतलाम्, शस्यशामलाम् मातरम्।
वन्दे मातरम्।।
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकितयामिनीम्, फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्, सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम्, सुखदाम् वरदाम् मातरम्।
वन्दे मातरम्।।
कोटि-कोटि कण्ठ कल-कल निनाद कराले, कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले, के बॉले मां तुमि अबले, बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीम्, रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्।।
तुमि विद्या, तुमि धर्म, तुमि हृदि, तुमि मर्म, त्वम् हि प्राणा: शरीरे, बाहुते तुमि मा शक्ति, हृदये तुमि मां भक्ति, तोमारेई प्रतिमा गड़ि, मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्।।
त्वम् हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी, कमला कमलदलविहारिणी, वाणी विद्यादायिनी, नमामि त्वाम्, नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

सुजलाम् सुफलाम् मातरम्।
वन्दे मातरम्।।
श्यामलाम् सरलाम् सुस्मिताम् भूषिताम्, धरणीम् भरणीम् मातरम्।
वन्दे मातरम्।।

वंदेमातरम् के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय गीत के सम्मान को बढ़ाने की दिशा में बड़ा निर्णय लिया है। अब राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत गाया जाएगा। स्कूलों में सुबह की शुरुआत राष्ट्रगीत से होगी। हालांकि सिनेमाघरों में खड़ा होने से छूट मिलेगी। खास बात है कि राष्ट्रीय गीत के दो नहीं बल्कि पूरे छह छंद गाए जाएंगे। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नए प्रोटोकॉल के मुताबिक, सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों आदि अहम आयोजनों में 'वंदे मातरम्' का गायन अनिवार्य होगा। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नए निर्देशों के मुताबिक, वंदेमातरम् के सभी छह छंदों का कुल 3.10 मिनट में गायन होगा। वहीं किसी कार्यक्रम में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान दोनों का गायन होगा तो पहले वंदेमातरम् गाया जाएगा। बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1875 में 'वंदे मातरम्' लिखा था, जो 1882 में उनके उपन्यास 'आनंदमठ' में छपा था। इसमें कुल छह छंद है। शुरू के दो छंद में भारत माँ की स्तुति की गई है, वहीं बाद के छंदों में माँ दुर्गा और मां सरस्वती सहित अन्य देवियों की स्तुति है।

**राष्ट्रगीत कब जरूरी–**

- स्कूलों में भी प्रतिदिन सुबह।
- सिविल सम्मान समारोह।
- आधिकारिक सरकारी समारोह।
- राष्ट्रपति के आने और जाते वक्त।
- राज्यपाल या उपराज्यपाल के संबंधित राज्यों के सरकारी समारोहों में आने और जाने के वक्त।
- राष्ट्रीय झंडे को परेड में लाते समय।
- आकाशवाणी और दूरदर्शन पर राष्ट्रपति के राष्ट्र के नाम संबोधन से पहले और बाद में।

**यह होंगे नियम–**

- राष्ट्रगीत के समय सभी लोगों को सावधान मुद्रा में खड़ा होना होगा।
- फिल्म, समाचार आदि के समय राष्ट्र गीत बजने पर लोगों को खड़े होने की जरूरत नहीं।
- मार्चिंग ड्रिल में 7 धुन बजेंगी।
- राष्ट्रीय गीत बजाया जाएगा तो सबसे पहले मृदंग बजाना होगा, ताकि सुनने वालों को पता चल जाए कि राष्ट्रीय गीत शुरू होने वाला है।

■ **फरवरी, 2026 में कच्छ के धौलावीरा के सफेद रेगिस्तान में एक विशेष 'मूल सिमूलेशन' मिशन पूरा करने वाले गुजरात के आदित्य पंड्या (17) भारत के सबसे युवा पुरुष 'एनालॉग एस्ट्रोनॉट' बन गए हैं। एनालॉग एस्ट्रोनॉट वह व्यक्ति होता है जो धरती पर ही चांद या मंगल जैसी स्थितियों का कृत्रिम माहोल बनाकर वहाँ रहने और काम करने का अभ्यास करता है। उल्लेखनीय है कि इस मिशन का आयोजन इसरो के पंजीकृत स्पेस ट्यूटर 'एएकेए स्पेस स्टूडियो' ने किया था।**

## Newspaper of 13 February, 2026

■ **बढ़ेगी ताकत : फ्रांस के राष्ट्रपति की यात्रा से पहले 3.60 लाख करोड़ रुपए के सौदों को मंजूरी; भारत खरीदेगा 114 रफाल, 96 देश में बनेंगे।**

12 फरवरी, 2026 को वायुसेना और नौसेना की ताकत में इजाफा करने के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) ने 114 रफाल लड़ाकू विमानों की खरीद को मंजूरी दे दी। इन पर 3.25 लाख करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। खास बात है कि इनमें से 96. रफाल का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। छह पी-81 समुद्री गश्ती विमान, कॉम्बैट मिसाइल, एयर-शिप बेस्ड हाई एल्टीट्यूड स्यूडो सैटेलाइट्स के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई है। सभी सौंदों की कुल कीमत 3.60 लाख करोड़ रुपए बताई जाती है।

यह भारत का सबसे बड़ा लड़ाकू विमान सौदा होगा। फिलहाल वायुसेना के पास करीब 29 फाइटर स्क्वाड्रन हैं, जबकि जरूरत 42 स्क्वाड्रन की है। ऐसे में सीमाओं और बढ़ते खतरों को देखते हुए यह खरीद महत्त्वपूर्ण मानी जा रही है।

## Newspaper of 14 February, 2026

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) 'सेवातीर्थ' का उद्घाटन किया–**

13 फरवरी, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मादी ने नये प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) जिसे सेवातीर्थ का नाम दिया गया है, का उद्घाटन किया।

देश का शासन अब अंग्रेजों के जमाने में बने साउथ ब्लॉक से नहीं बल्कि 'सेवा तीर्थ' से चलेगा। आजादी के बाद 78 साल तक साउथ ब्लॉक से चले प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) का शुक्रवार को पता बदल गया। नए पीएमओ में पहले ही दिन महिलाओं, सड़क दुर्घटना, पीड़ितों, किसानों और युवा उद्यमियों के हित में फैसले की फाइलों पर हस्ताक्षर कर सेवा तीर्थ का नाम सार्थक किया। इससे पूर्व साउथ ब्लॉक की ऐतिहासिक इमारत स्थित पीएमओ में आखिरी कैबिनेट बैठकें होगी। सेवा तीर्थ की इमारत पर 'नागरिकदेवो भव' का संदेश अंकित है। मोदी ने नए पीएमओ के अलावा कर्त्तव्य भवन-1 और कर्त्तव्य भवन-2 का भी उद्घाटन किया।

**दुर्घटना पीड़ितों का 1.5 लाख तक कैशलेस इलाज**

- **पीएम राहत योजना**–दुर्घटन पीड़ित का कैशलेस उपचार–सड़क दुर्घटना पीड़ितों को 1.5 लाख तक कैशलेस उपचार मिलेगा, ताकि इलाज के अभाव में किसी की जान न जाए। दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल तक पहुँचाने वाले को भी इनाम मिलेगा।
- **लखपति दीदी**–चार साल में छह करोड़ लाभार्थी–मार्च, 2029 तक 6 करोड़ लखपति दीदीयों का एक नया लक्ष्य तय। सरकार ने मार्च, 2027 की तय समय–सीमा से एक वर्ष से भी अधिक समय पहले 3 करोड़ लाख दीदीयों का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है।
- **किसानों को सौगात–दो लाख करोड़ का ऋण लक्ष्य**–एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के ऋण लक्ष्य को दोगुना कर 2 लाख करोड़ किया गया। देश की संपूर्ण एग्रीकल्चर वैल्यू चेन को मजबूत करने के लिए दिए जाएंगे ऋण। पहले यह लक्ष्य एक लाख करोड़ रुपए था।
- **युवा उद्यमियों को संबल–स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0**–नवाचार इकोसिस्टम को शक्ति प्रदान करने, डीप टेक, उन्नत विनिर्माण और ब्रेकथ्रू टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में, युवा उद्यमियों की मदद को 10000 करोड़ के कॉर्पस के साथ स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 को मंजूरी।

■ **भारत ने रूस से 288 एस-400 मिसाइल खरीद को हरी झंडी दी; 40-400 किमी. रेंज से बढ़ेगी देश की ताकत–**

13 फरवरी, 2026 को भारत ने रूस से एस–400 एयर डिफेंस सिस्टम के लिए 288 सरफेस टू एयर मिसाइल खरीदने को हरी झंडी दे दी है। दो शेष स्क्वाड्रन इसी वर्ष मिलने की पुष्टि के बाद रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) ने 'आवश्यकता की स्वीकृति' (AON) को हरी झंडी दे दी। करीब 10000 करोड़ रुपए की यह डील फास्ट ट्रैक प्रक्रिया के तहत होगी। एस–400 की 40 से 400 किमी तक की मारक क्षमता और मैक 14 की रफ्तार इसे दुश्मन के जेट, ड्रोन और बेलिस्टिक मिसाइलों के खिलाफ बेहद प्रभावी बनाती है। ऑपरेशन सिंदूर में इसके प्रदर्शन के बाद भंडार मजबूत करने की जरूरत महसूस की गई थी।

उल्लेखनीय है कि ऑपरेशन सिंदूर में एस–400 ने पाकिस्तानी फाइटर जेट, अर्ली वार्निंग विमान और कई ड्रोन निष्क्रिय किए। 314 किमी. दूर पाकिस्तानी निगरानी विमान को मार गिराने के बाद उसके सैन्य विमानों को सीमावर्ती एयरबेस पर शिफ्ट करना पड़ा।

**40 से 400 किमी रेंज, मैक 14 रफ्तार**–एस–400 सिस्टम 40, 150, 200 और 400 किमी रेंज की मिसाइलों से लैस है। इसकी अधिकतम गति 4.8 किमी प्रति सेकण्ड (मैक 14) है। यह 30 किमी ऊँचाई तक फाइटर जेट, ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों को ट्रैक कर नष्ट कर सकता है।

## Newspaper of 14 February, 2026

■ **फरवरी 2026 में गुजरात सरकार ने उद्योगपति उदय कोटक को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक सिटी (गिफ्ट सिटी) का चैयरमेन नियुक्त किया है। शहरी विकास विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। उदय कोटक पूर्व आईएएस डॉ. हसमुख अधिया की जगह लेंगे, जो 2023 से गैर–कार्यकारी चैयरमेन थे।**

## Newspaper of 15 February, 2026

■ **केन्द्रीय कैबिनेट ने महत्त्वपूर्ण फैसले लिए; नरेन्द्र मोदी ने हरक्यूलिस विमान में हाईवे पर आपात लैंडिंग कर उद्घाटन किया–**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को हाईवे–37 पर मोरान में पूर्वोत्तर के पहले आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ELF) पर सी–130जे विमान (हरक्यूलिस) से ऐतिहासिक लैंडिंग की ओर इसका उद्घाटन किया। मोदी दिल्ली से चाबुआ हवाई अड्डे पर पहुँचे और हरक्यूलिस से मोरान के ईएलएफ में उतरे। चीन सीमा से मात्र 300 किमी दूर हाइवे के 4.2 किमी के इस हिस्से को इएलएफ के तौर पर बनाया है। मोदी ने एयर–शो भी देखा, जिसमें रफाल, सुखोई सहित अन्य विमान व हेलीकॉप्टर ईएलएफ पर उतरे।

**केन्द्रीय कैबिनेट के फैसले**–केन्द्रीय कैबिनेट ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर 12000 करोड़ की लागत वाली अंडरवॉटर ट्विन ट्यूब परियोजना को मंजूरी दी है। देश की ऐसी पहली परियोजना में NH-15 पर गोहपुर से NH-715 पर नुमालीगढ़ तक ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी कॉरिडोर बनेगा, जिसमें ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे 15.79 किमी. लंबी सड़क–सह–रेल सुरंग भी शामिल है।

**यह भी निर्णय–**

- एक लाख करोड़ रुपए के शहरी चुनौती कोष को मंजूरी, 25% राशि कोष से 50% बाजार से लेनी होगी।
- 18509 करोड़ रुपए की लागत से कसारा–मनमाड, दिल्ली–अंबाला और बल्लारी–होसपेटे रेल लाइन विस्तार को मंजूरी।
- स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 को मंजूरी।
- नॉर्थ–साउथ ब्लॉक को युगे युगीन भारत राष्ट्रीय संग्रहालय का हिस्सा बनाने की मंजूरी।
- दिल्ली मेट्रो के उद्योग नगर स्टेशन का नाम 'सेवा तीर्थ' होगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 16 February, 2026

■ **देश में पहली बार हुई जंगली बिल्लियों की गणना में इनकी संख्या लगभग 3 लाख आंकी गई; राजस्थान और मध्यप्रदेश में सर्वाधिक लगभग 88 हजार–**
**26838 कैमरा ट्रैप से ली गई 3.48 करोड़ तस्वीरों का विश्लेषण किया**

हाल ही में जंगली बिल्लियों की देश में पहली बार हुई गणना में इनकी संख्या तीन लाख आंकी गई है। इनमें से मध्यप्रदेश और राजस्थान में इनकी संख्या करीब 88 हजार है। यह दोनों राज्य देश में इन मध्यम आकार की जंगली बिल्लियों की एक-तिजाई आबादी को सुरक्षित रखे हुए है। भारत में वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के शेड्यूल 2 में प्रोटेक्टेड इन बिल्लियों को फीलिस चॉस भी कहते हैं। वन्य जीव संस्थान देहरादून, इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी और नेशनल सेंटर फॉर बायोलॉजिकल साइंसेस बेंगलुरु सहित अमेरीका के बायोमिंग स्थित हॉब स्कूल ऑफ एनवायरमेंट एंड नेचुरल रिसोर्स ने मिलकर यह खुलासे किए।

- विशेषज्ञों के अनुसार इन बिल्लियों पर कई खतरे मौजूद हैं, जिनमें मानवीय हस्तक्षेप शामिल हैं।
- इनके आवास सिमट रहे हैं, जंगलों में सड़कें बनने से ये वाहनों से बड़ी संख्या में कुचली जा रही हैं।
- मानव आबादी के पास होने की वजह से घरेलू बिल्लियों के साथ इनके हाइब्रिड बनने लगे हैं।
- खेती और बुनियादी ढांचे के विकास ने भी इनके आवास को सीमित करना शुरू कर दिया है।
- ये बिल्लियाँ जंगलों, वेटलैंड, घास के मैदानों से लेकर मानव आबादी के आसपास मिलती हैं।
- रोडेंट्स (चूहे) कंट्रोल करती हैं, किसानों को फायदा होता है।
- ये 'मिडिल-आउट' कंट्रोलर छोटे शिकारियों को बैलेंस रखती हैं, ये कम हुई, तो इकोसिस्टम बिगड़ता है।
- खरगोश, चूहे और पक्षियों का शिकार करती है। शेर के खानदान का यह वन्यजीव हल्के लाल व भूरे रंग का होता है।

**विभिन्न राज्यों में जंगली बिल्लियाँ की संख्या–**

| प्रमुख राज्य | इतने जंगल में (वर्ग किमी) | इतनी बिल्लियाँ नर/मादा |
|---|---|---|
| मध्यप्रदेश | 78849 | 11769/32854 |
| राजस्थान | 76709 | 11449/31962 |
| छत्तीसगढ़ | 57391 | 8566/23913 |
| महाराष्ट्र | 41395 | 6178/17248 |
| गुजरात | 41359 | 6173/17233 |
| आंध्रप्रदेश | 40729 | 6979/16979 |
| झारखंड | 20881 | 3117/8700 |
| कर्नाटक | 16937 | 2394/6682 |
| उत्तरप्रदेश | 8984 | 1341/3743 |
| उत्तराखंड | 5451 | 814/2271 |

## Newspaper of 17 February, 2026

■ **उत्तर प्रदेश के मथुरा में देश का पहला गौ संस्कृति संग्रहालय बनने जा रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में इसके लिए भूमि का चयन कर लिया गया है। संग्रहालय में यह बताया जाएगा कि कैसे भारतीय कृषि और स्वास्थ्य व्यवस्था सदियों से गौवंश पर टिकी रही है। यहाँ लगभग 100 डिजिटल और भौतिक प्रदर्शनियाँ होंगी, जिनमें भारत की दुर्लभ और लुप्तप्राय गौ नस्लों को दिखाया जाएगा। दूध, दही, घी और पनीर के पोषण मूल्य और उनके आयुर्वेदिक महत्त्व को वैज्ञानिक तरीके से समझाया जाएगा।**

■ **दुनिया के सबसे बड़े एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का दिल्ली के भारत मंडपम में 5 दिवसीय (16-20 फरवरी, 2026) सम्मेलन का आरम्भ/आगाज हुआ–**

16 फरवरी, 2026 को दुनिया के सबसे बड़े एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का दिल्ली के भारत मंडपम में आगाज हुआ। दिल्ली में पाँच दिन तक चलने वाले दुनिया के सबसे बड़े 'एआइ इंपैक्ट समिट-2026' के पहले दिन भारतीय साइबर योद्धाओं ने ऐसे एआइ मॉडल का प्रदर्शन किया, जो साइबर अपराधियों की नींदें उड़ा देगा। इस सम्मेलन में 40 से ज्यादा देशों के 100 से अधिक शहरों के 40000 से ज्यादा प्रतिभागी शामिल हुए। यह ऐतिहासिक पहल भारत को साइबर सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से की गई थी।

इस एआइ महाकुंभ में शीर्ष 200 तकनीकी योद्धाओं ने 'लाइव कोडिंग' के जरिए डीपफेक ऑडियों और स्पेम कॉल का तकनीकी तोड़ पेश किया। 15 हजार टीमों ने मुकाबले के बाद सर्वश्रेष्ठ 200 इनोवेटर का चयन किया गया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआइसी) के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने कहा, यह केवल एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को अभेद्य बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत मंडपम में एआइ इंपैक्ट एक्सपो के उद्घाटन के बाद स्टार्टअप्स के डेमो देखे। प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, शासन और उद्यम सहित विभिन्न सेक्टरों में एआइ की परिवर्तनकारी भूमिका पर प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 1.4 अरब जनता की बदौलत भारत एआइ परिवर्तन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। समिट की थीम 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' है, जो मानव-केन्द्रित प्रगति के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग करने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- **मिस्र जी प्रसिद्ध 'वैली ऑफ किंग्स' में करीब 2000 साल पुराने तमिल-ब्राह्मी समेत भारतीय भाषाओं के लगभग 30 शिलालेख मिले हैं। ये शिलालेख पहली से तीसरी सदी ईस्वी के बीच के माने जा रहे हैं। इसमें 20 तमिल-ब्राह्मी और बाकी संस्कृत-प्राकृत में हैं। इस खोज में संकेत मिलता है कि उस दौर में भारतीय कारोबारी व्यापार के लिए मिस्र आते थे। 'सिकई कोर्रान' नाम 8 बार दर्ज मिला, जिसे तमिल व्यापारी माना जा रहा है।**

## Newspaper of 18 February, 2026

- **पीएम नरेन्द्र मोदी व फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के बीच टेक्नोलॉजी ट्रांसफर संबंधित समझौते हुए; फ्रांस ऊँचे उड़ने वाले विमान व हैमर मिसाइलें भारत में बनाएगा।**

17 फरवरी, 2026 को मुंबई स्थित लोकभवन में युद्ध के हालात में दुश्मन के बकर और भूमिगत ठिकाने ध्वस्त करने में सक्षम फ्रांस की हैमर मिसाइलें और एवरेस्ट से भी ऊँचा उड़ने वाला पहला हेलिकॉप्टर भारत में बनाने की शुरुआत संबंधी इन प्रमुख फैसलों सहित विभिन्न क्षेत्रों में परस्पर सहयोग पर सहमति बनी।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में अपना जलवा दिखाने वाली हैमर मिसाइल भारत में बनाने के लिए भारत इलेक्ट्रोनिक्स (BEL) और फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान की संयुक्त कंपनी बनाने का समझौता किया गया। दोनों नेताओं की रफाल, पनडुब्बी सौदे और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर भी चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने कर्नाटक के वेगावल में भारत-फ्रांस की कंपनियों की ओर से पहली निजी क्षेत्र की हेलिकॉप्टर असेंबली लाइन फेसिलिटी का वर्चुटल उद्घाटन किया। पीएम मोदी के साथ भारत-फ्रांस नवाचार फोरम के उद्घाटन समारोह में मैक्रों ने कहा कि डिफेंस सेक्टर में फ्रांस 'मेक इन इंडिया' का भरोसेमंद साथी है।

**सहयोग के लिए केन्द्र, म्यूजियम में साझेदारी–**

- दिल्ली एम्स में इंडो-फ्रेंच सेंटर फॉर एआइ इन हेल्थ।
- इंडो-फ्रेंच सेंटर फॉर डिजिटल साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी।
- नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्किलिंग इन एयरोनोटिक्स।
- भारत-फ्रांस मेटाबोलिक स्वास्थ्य विज्ञान केन्द्र की स्थापना होगी।
- युगे युगीन भारत म्यूजियम में फ्रांस का सहयोग।
- लोथल में नेशनल मेरिटाइम हैरिटेज कॉम्प्लेक्स में फ्रांस का सहयोग।
- फ्रांस में स्वामी विवेकानंद संस्कृति केन्द्र खुलेगा ।

## Newspaper of 19 February, 2026

- **परमाणु ताकतों में भारत छठे स्थान पर; रूस और अमेरका के पास 86% हिस्सा–**

फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स की 'स्टेट्स ऑफ वर्ल्ड न्यूक्लियर फोर्सेज' रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में कुल 12321 परमाणु वारहेड हैं, जिनमें भारत के पास 180 हैं अर्थात् दुनिया की नौ परमाणु सम्पन्न शक्तियों में भारत छठे स्थान पर है।

पिछले तीन दशकों में अमरीका और रूस ने अपने जखीरे में कमी की, जबकि चीन, भारत और पाकिस्तान ने विस्तार किया। बीते पांच साल में भारत के जखीरे में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

**प्रमुख देशों का परमाणु जखीरा–**

| देश | | कुल सैन्य हथियार |
|---|---|---|
| रूस | – | 4309 |
| अमरीका | – | 3700 |
| चीन | – | 600 |
| फ्रांस | – | 290 |
| ब्रिटेन | – | 225 |
| भारत | – | 180 |
| पाकिस्तान | – | 170 |
| इजरायल | – | 90 |
| उ. कोरिया | – | 50 |

- **हाल ही में दिल्ली सरकार द्वारा की गई घोषणा के अनुसार दिल्ली में अब राशनकार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाऐंगे। इसके लिए घर के हर सदस्य को अपना आधार नंबर भी देना होगा। परिवार की सबसे बड़ी महिला (18 साल से ज्यादा) को घर का मुखिया माना जाएगा। महिला की उम्र 18 साल से कम है, तो उसके उम्र का होने तक सबसे बड़े पुरुष को घर का मुखिया माना जाएगा।**

## Newspaper of 20 February, 2026

- **19 फरवरी, 2026 को भारत के स्पेस मिशन गगनयान में इस्तेमाल होने वाले ड्रोग पैराशूट का रक्षा एवं अनुसंधान विकास संगठन (DRDO) ने सफल टेस्ट किया। स्पेस से लौटने के बाद पैराशूट कैप्सूल को संभालेगा। रेलवे ट्रेक पर यह टेस्ट किया गया।**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 21 February, 2026

- **फरवरी, 2026 में मेघालय के लोकसभा सांसद रिंकी ए.जे. सिंगकॉन का 54 साल की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनका निधन एक दोस्ताना फुटबॉल मैच खेलते समय अचानक गिरने से हुआ।**

- **एआइ जनित और डीप फेक कंटेंट पर लेबलिंग और आपत्तिजनक कंटेंट शिकायत पर तीन घंटे में सोशल मीडिया से हटाने की अनिवार्यता का नियम लागू हुआ–**

20 फरवरी, 2026 से एआइ जनित और डीप फेक कंटेंट पर लेबलिंग (यह बताना कि कंटेट एआइ से बना है) और आपत्तिजनक कंटेंट शिकायत पर तीन घंटे में सोशल मीडिया से हटाने की अनिवार्यता का नियम लागू हो गया। केन्द्र सरकार ने नए नियम लागू करने के लिए 10 फरवरी, 2026 को अधिसूचना जारी की थी।

**यह है प्रमुख नियम–**

- कंपनियों व यूजर्स द्वारा एआइ से बने कंटेट पर लेबलिंग अनिवार्य।
- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मेटाडेटा में यह हिसाब रखेंगे कि कंटेंट कहाँ जनरेट हुआ?
- आपत्तिजनक, फर्जी, भ्रामक डीप फेक कंटेंट की शिकायत पर 3 घंटे में हटाना होगा।

**यह हो सकती है कार्यवाही–**आपत्तिजनक कंटेट नहीं हटाने पर कंपनियों के खिलाफ संबंधित कानून (पॉक्सो, विस्फोटक या बीएनएस) के तहत कार्यवाही। सेफ हार्बर का लाभ नहीं मिलेगा।

- **अमेरीका की अगुवाई वाले पैक्स सिलिका में भारत शामिल हुआ; अब तकनीक और रेयर अर्थ मिनरल्स तक भारत की पहुँच और आसान होगी–**

अमरीका की अगुवाई वाले पैक्स सिलिका में भारत शामिल हो गया है। अब तकनीक और रेयर अर्थ मिनरल्स तक भारत की पहुँच अब और आसान होगी। साथ ही देश में एआइ और सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। अमरीकी सरकार के विदेश उपमंत्री जैकब हेलबर्ग ने कहा कि आज कई देश आर्थिक दबाव और ब्लैकमेल का सामना कर रहे है। आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा है। यह पहल तकनीक और सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाकर देशों में समृद्धि लाएगी। वहीं अमरीकी राजदूत ने कहा, यह साझेदारी तय करेंगी कि भविष्य की तकनीक बेंगलूरु और सिलिकॉन वैली में बनेगी या निगरानी वाले देशों में। इस पहल से सेमीकंडक्टर एक्सपोर्ट, रेयर अर्थ मिनरल्स में चीनी एकाधिकार को भी चुनौती मिलेगी। भारत इस क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है।

केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पैक्स सिलिका एलायंस में शामिल होने पर कहा कि दुनिया भारत पर विश्वास करती है। इससे देश में सेमीकंडक्टर इको सिस्टम स्थापित करने के लिए अहम सप्लाई चेन, मैन्युफैक्चरिंग व चिप डिजाइन में मदद मिलेगी। भारत में जल्द कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू करेगा।

**क्या है पैक्स सिलिका, भारत के लिए कितना लाभप्रद?**

सेमीकंडक्टर, रेयर अर्थ मिनरल्स और एआइ में बढ़ते चीनी दबदबे से निपटने के लिए पिछले साल अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की सरकार ने पैक्स सिलिका ग्रुप बनाने का निर्णय लिया था। इसमें 11 देश है। इस पहल का उद्देश्य एआइ तकनीक का विकास, क्रिटिकल मिनरल्स व लॉजिस्टिक्स की सप्लाई चेन मजबूत करना है।

## Newspaper of 23 February, 2026

- **देश की सबसे तेज मेरठ मेट्रो का शुभारंभ अधिकतम रफ्तार 120 किमी प्रति घंटा–**

22 फरवरी, 2026 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 82 किमी लंबे दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के शेष हिस्सों का उद्घाटन किया। अब दिल्ली से मेरठ की दूरी 55 मिनट में पूरी होगी। पीएम ने 23 किमी लंबे मेरठ मेट्रो का भी शुभारंभ किया। यह देश की सबसे तेज मेट्रो है। मेरठ मेट्रो की अधिकतम गति 120 किमी/घंटा है। यह 23 किमी (13 स्टेशन) का रूट 30 मिनट में कवर करेगी। पहली बार है जब देश में नमो भारत और मेट्रो एक ही ट्रैक पर दौड़ेंगी। रैपिड रेल में 80% ड्राइवर स्टाफ महिलाएँ होंगी।

- **राष्ट्रपति भवन में स्थापित ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा की जगह अब आजाद भारत के पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी. राजगोपालचारी की प्रतिमा लगाई जाएगी। 22 फरवरी, 2026 को पीएम नरेन्द्र मोदी अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात में इसकी घोषणा की। 23 फरवरी को राजाजी उत्सव के दौरान राष्ट्रपति भवन के केन्द्रीय प्रांगण में प्रतिमा का अनावरण किया गया।**

## Newspaper of 25 February, 2026

- **हाल ही में आईआईटी मद्रास के प्रो. बी रविन्द्रन को संयुक्त राष्ट्र के 'इंडिपेंडेंट इंटरनेशनल साइंटिफिक पैनल ऑन एआई' में नियुक्त किया गया है। पैनल दुनिया में एआई के प्रभाव और उसके जिम्मेदार उपयोग पर मार्गदर्शन देगा। रविन्द्रन ने 'सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल एआइ' की स्थापना**

**कर भारत में जिम्मेदार एआई शोध को दिशा दी है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एआइ शोध के लिए मान्यता भी मिल चुकी है।**

## Newspaper of 26 February, 2026

■ **24 फरवरी, 2026 को पीएम मोदी की अध्यक्षता में नए प्रधानमंत्री कार्यालय 'सेवा तीर्थ' में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में केरल राज्य का नाम बदलकर केरलम् किए जाने को मंजूरी दी गई। कैबिनेट में निम्न निर्णय लिए गए–**

- केरल का नाम बदलकर केरलम् किया गया।
- श्रीनगर एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव का विस्तार
- गुजरात में गिफ्ट सिटी से शाहपुरा तक मैट्रो विस्तार
- कच्चे जूट का एमएसपी ₹250 बढ़ाकर ₹5925 किया।

पूर्व में इनके नाम भी बदलें है–

| पुराना नाम | नया नाम | वर्ष |
|---|---|---|
| यूना. प्रोविंस | उत्तर प्रदेश | 1950 |
| मद्रास | तमिलनाडु/चैन्नई | 1969/1996 |
| मैसूर | कर्नाटक | 1973 |
| उत्तरांचल | उत्तराखंड | 2007 |
| उड़ीसा | ओडिशा | 2011 |
| बॉम्बे | मुंबई | 1995 |
| कलकत्ता | कोलकाता | 2001 |
| पांडिचेरी | पुदुचेरी | 2006 |
| बैंगलोर | बेंगलुरु | 2014 |
| पोर्ट ब्लेयर | श्री विजयपुरम | 2024 |

## Newspaper of 27 February, 2026

■ **26 फरवरी, 2026 को भारत के रक्षा विशेषज्ञ और पूर्व भारतीय सेना अधिकार मेजर मारुफ रजा (66) का निधन हो गया।**

■ **इजरायल और भारत के मध्य समझौता; इजरायल में भी चलेगा भारत का पेमेंट सिस्टम यूपीआई (UPI), रक्षा उत्पादन में भी सहयोग बढ़ेगा–**

इराजयल में भारत का यूपीआई चलेगा और दोनों देश जल्द ही मुक्त व्यापार समझौता (FTA) करेंगे। दोनों देश रक्षा, कृषि, तकनीक, एआई क्षेत्र में परस्पर सहयोग करेंगे और सिविल न्यूक्लियर उपयोग, फ्यूचर रेडी उत्कृष्ट गांव बनाने व अंतरिक्ष क्षेत्र में भी मिलकर काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इजरायल यात्रा के दौरान उनकी वहाँ के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से द्विपक्षीय वार्ता तथा प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता में यह फैसले हुए। दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी को विश्व शांति के लिए विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का फैसला किया। मोदी ने नेतन्याहू के साथ प्रेस कॉन्फ्रेस में कहा कि जल्द ही एफटीए को अंतिम रूप दिया जाएगा, जो दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा।

**इन प्रमुख मुद्दों पर एमओयू व सहमति–**

- **रक्षा व रणनीतिक साझेदारी**–सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग मजबूत होगा।
- **यूपीआई**–भारत की एनपीसीआइ व इजरायल की मासव जुड़ेंगे।
- **एआई**–शिक्षा व उभरती तकनीकों में एआई के इस्तेमाल पर समझौता।
- **साइबर सुरक्षा**–साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित होगा।
- **कृषि व नवाचार**–'भारत-इजरायल व कृषि नवाचार केन्द्र' बनेंगे।
- **भू-भौतिकीय अन्वेषण**–ऊर्जा व संसाधन खोज के क्षेत्र में साझेदारी।
- **धरोहर संरक्षण**–राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर, लोथल के विकास में सहयोग।
- **व्यापार और सेवाएँ**–वाणिज्य, मैन्युफैक्चरिंग और रेस्टोरेंट सेक्टर में कार्यान्वयन प्रोटोकॉल तय।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®


**51 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## कैलाश नागौरी की प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा हेतु हिन्दी की उपयोगी पुस्तकें




## संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित प्रमुख पुस्तकें




संजीव Telegram चैनल, App एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव App एवं वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

संजीव प्रकाशन — Join Our App

संजीव प्रकाशन — Join Our Telegram

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com